# उत्तर प्रदेश सरकार को मिला 'माइन मित्र' से 400 करोड़ रुपए का राजस्व

## चर्चा में क्यों?

25 मई, 2022 को उत्तर प्रदेश सरकार के एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार ने अपने पोर्टल 'माइन मित्र' के माध्यम से खनन व्यवसाय से 400 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया है।

## प्रमुख बिंदु

- 'माइन मित्र' पोर्टल का उपयोग खनिज प्रबंधन सेवाओं के माध्यम से ट्रांजिट पास जारी करने के लिये किया जाता है।
- राज्य सरकार द्वारा खनन व्यवसाय में पारदर्शिता लाने, अवैध गतिविधियों की जाँच करने और आम लोगों, किसानों, पट्टेदारों और ट्रांसपोर्टरों को जवाबदेह ई-सेवाएँ प्रदान करने के लिये 'माइन मित्र' पोर्टल विकसित किया गया है।
- पोर्टल का उद्देश्य खनन उद्योग में एकाधिकार को समाप्त करना, कानूनी खनन को प्रोत्साहित करना, व्यापार में पारदर्शिता सुनिश्चित करना और राज्य के राजस्व में वृद्धि हेतु नए उद्यमियों के लिये एक समान अवसर प्रदान करना है।
- इस पोर्टल को भूविज्ञान और खनन निदेशालय के परामर्श से विकसित किया गया है। वर्तमान में यह पट्टेदारों, स्टॉकिस्टों और ट्रांसपोर्टरों के लिये ऑनलाइन खनिज प्रबंधन, नागरिकों और किसानों के लिये सेवाएँ, एकीकृत खनन निगरानी प्रणाली और उपभोक्ताओं एवं आपूर्तिकर्त्ताओं के लिये ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म 'मिनरल मार्ट' जैसी कई सेवाएँ प्रदान कर रहा है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttar-pradesh-government-gets-rs-400-crore-revenue-from-mine-mitra